E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./227/2026 दिनांक : 26/02/2026

कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा आदेशानुसार सत्र 2025–26 विषम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों (एलएल0बी0 एवं बी0ए0एलएल0बी0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) से सम्बन्धित विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन परिनिरीक्षण (Scrutiny) / चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) आवेदन करने हेतु समर्थ स्टूडेन्ट लॉगिन पर Option खोल दिया गया है। सम्बन्धित छात्र/छात्रायें निर्धारित शुल्क ऑन–लाइन माध्यम से जमा करते हुए अपना परिनिरीक्षण (Scrutiny) आवेदन दिनांक 07.03.2026 तक तथा चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) हेतु ऑन–लाइन आवेदन उत्तर–पुस्तिका प्राप्ति (छात्र/छात्राओं के द्वारा उपलब्ध करायी गयी ईमेल आईडी पर) के 07 दिवसों के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। मैनुअल आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे।

अतः सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या से अनुरोध है कि उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें, उक्त तिथि के पश्चात किसी भी महाविद्यालय के छात्र/छात्रा के प्रत्यावेदन/प्रार्थना पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

यदि विश्वविद्यालय परिसर के छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन किया जाता है तो उनका आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0 सेल/ प्रभारी, कोडिंग।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

26/02/26
(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)

Scanned with OKEN Scanner